# पर्यावरण को कांक्रीट जंगल से हो रहा नुकसान : केंद्रीय मंत्री

▶ इंसान ने ऑक्सीजन पैदा करती हो ऐसी मशीन नहीं बनाई - यादव

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** इंसान से कई मशीनें बनाई है, लेकिन सभी से कार्बन डाइऑक्साइड निकलता है. एक भी ऐसी मशीन नही बनाई , जो ऑक्सीजन पैदा करती हो. ऑक्सीजन सिर्फ पेड़ों से मिलता है. आज धरती पर सभी तरह के जीव है, इनमे सबसे ज्यादा शक्तिशाली और बुद्धिमान इंसान है. इंसान पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है पेड़ काट कर और कांक्रीट के जंगल बसाकर.

यह बात केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम में कही. केंद्रीय पर्यावरण एवं जलवायु मंत्री भूपेंद्र यादव आज इंदौर में एक पेड़ मां के नाम अभियान में भाग लेने आए थे. नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री यादव ने रेवती रेंज पर पौधरोपण किया. एकड़ बाद कार्यक्रम स्थल पर संबोधित करते हुए कहा कि आज धरती पर तीन बड़ी मुख्य समस्या है. फल तापमान जो पिछली दो आदि में बहुत बढ़ गया है. दूसरा कैंसर, आज हम जो भी पैदावार कर रहे है, उसमें प्रेस्टिसाइड का उपयोग कर रहे है, जिससे मिट्टी धरती को उर्वरक क्षमता कम हो रही है. पेड़ काट कर धरती को बंजर बना रहे है. उक्त तीनों समस्या का निवारण है एक पेड़ मां के नाम लगाकर धरती रक्षा करना है. हम नर्मदा मैया के छांव में पल रहे है. नर्मदा नदी किसी हिमालय के ग्लेशियर से नहीं निकली है, बल्कि पेड़ो के संरक्षण से उसका उद्गम हुआ है. पर्यावरण असंतुलन बहुत बढ़ गया है. इसको पेड़ लगाकर ही बचाया जा सकता है. मां घर से बाहर निकलते समय कहती है कि ध्यान रखना. इसी तरह एक पेड़ मां के नाम लगाकर धरती का ध्यान रखना है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व को दो बड़े संदेश दिए है. एक पेड़ मां के नाम और दूसरा मिशन लाइफ. मिशन लाइफ में ऊर्जा बचत, पानी संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट ,ई वेस्ट और सिंगल यूज प्लास्टिक एवं हेल्दी लाइफ. एक पेड़ मां के नाम अभियान कार्यक्रम में मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मधु वर्मा, एमआईसी सदस्य निरंजन सिंह चौहान, बबलू शर्मा, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, जीतू जिराती, पार्षद सोनाली परमार, जयपाल सिंह चावड़ा सहित कई भाजपा नेता मौजूद थे.




## रेवती रेंज पर्यावरण संरक्षण की पहचान होगा-लालवानी

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि कैलाश विजयवर्गीय के प्रयास और शहर की जागरुकता का परिणाम है कि हम पर्यावरण पर इतना काम कर रहे हैं . इंदौर पर्यावरण में भी नंबर वन होगा . आज पितृ पर्वत इंदौर का पर्यावरण संरक्षण बड़ा उदाहरण है . रेवती रेंज उससे भी बड़ा उदाहरण है, जिसमें लाखों पेड़ लगाएं गए है, जो आने वाले दो साल बाद शहर में पर्यावरण संरक्षण की पहचान होंगे .

## मैं पेड़ को शिव मानता हूं - विजयवर्गीय

एक पेड़ मां के नाम अभियान में आज मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मैं पेड़ को शिव मानता हूं . पेड़ ऑक्सीजन देता है और कार्बन डाइऑक्साइड लेता है . जैसे शिव जहर ग्रहण करते हैं, धतूरा पीते हैं . इसलिए अपने जन्मदिन, मां और पिता और अन्य किसी अवसर पर एक पेड़ जरूर लगाएं . पिछले साल एक दिन में 12 लाख 41 हजार पेड़ लगाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था . आज सभी पेड़ जिंदा है, इसके लिए नगर निगम के सभी कर्मचारियों को बधाई . रेवती रेंज पर मेरी इच्छा है कि यहां धार्मिक और आध्यात्मिक साधना केंद्र बने .

## एक नजर में

### अमेजन ब्यूटीवर्स में सौंदर्य प्रेमियों का संगम

**इंदौर .** अमेजन इंडिया ने मुंबई को सौंदर्य नवाचार का केंद्र बना दिया, जहां अमेजन ब्यूटीवर्स के दूसरे एडिशन का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम मेबेलिन द्वारा प्रस्तुत किया गया था, जिसमें बेला वीटा, विशकेयर और एक्सिस-वाई सहयोगी ब्रांड्स के रूप में शामिल थे . प्राइम डे 2025 से पहले आयोजित इस विशेष इनवाइट-ओनली इवेंट में 600 से अधिक ब्यूटी प्रेमियों को एक ही छत के नीचे आमंत्रित किया गया, जहां उन्हें विभिन्न वर्कशॉप्स और इंटरएक्टिव सत्रों के जरिए एक शानदार सौंदर्य अनुभव प्राप्त हुआ . इस इवेंट की शोभा बढ़ाई बॉलीवुड की नामचीन हस्तियों, भूमि पेडनेकर, नीना गुप्ता, कृति सेनन और सुशांत दिवगिकर आदि ने . अमेजन ब्यूटी इंडिया के डायरेक्टर सिद्धार्थ भगत ने कहा यह एक विशेष आयोजन है जो प्राइम सदस्यों और अमेजन इन्फ्लुएंसर्स के लिए सौंदर्य की खोज के अनुभव को नए रूप में प्रस्तुत करता है . सेंट्रल शॉपिंग एक्सपीरियंस, अमेजन इंडिया के डायरेक्टर जाहिद खान ने कहा ब्यूटीवर्स के माध्यम से हम सहयोगों को और गहरा कर रहे हैं, जहां क्रिएटर्स, ब्रांड्स और ग्राहकों को एक साथ लाकर भारत में सौंदर्य के भविष्य का जश्न मनाया जा रहा है और उसे आकार दिया जा रहा है .

### अमेजन पे ने लॉन्चि किया रिवॉर्ड्स गोल्ड

**इंदौर .** अमेजन पे ने रिवॉर्ड्स गोल्ड् को पेश किया है, जो एक आसान रिवार्ड प्रोग्राम है, जिसमें प्राइस मेंबर्स को प्रत्येयक योग्यु लेनदेन पर 5 प्रतिशत कैशबैक और गैर-प्राइम ग्राहकों को 3 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा . इस प्रोग्राम के लिए पात्रता हासिल करना आसान है- इन रिवॉर्ड को पाने के लिए अमेजन पे के माध्योम से खरीदारी या भुगतान के 25 लेनदेन पूरे करने होंगे . पात्रता हासिल करने के बाद, मेंबर्स विभिन्न् श्रेणियों और मर्चेंट्स के साथ होने वाले हर लेनदेन पर 5 प्रतिशत तक का सुनिश्चित कैशबैक हासिल कर सकेंगे . गिरीश कृष्णंन, डायरेक्टसर, अमेजन पेमेंट्स एंड रिवॉर्ड्स ने कहा अमेजन पे में, हमारा मानना है कि रिवॉर्ड आसान, पारदर्शी होने चाहिए और हमारे ग्राहकों को बड़ी बचत करने में मददगार होने चाहिए . रिवॉर्ड्स गोल्डड प्रोग्राम के साथ, अमेजन पे का उपयोग सभी यूपीआई भुगतान और खरीदारी के लिए करने वाले ग्राहकों को हर बार पुरस्कृत किया जाएगा . यह प्रोग्राम हमारे ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक संबंध बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है .

### अमेज़न बिज़नेस पर आकर्षक डील्स

**इंदौर .** अमेज़न बिज़नेस 12 से 14 जुलाई तक अपने बिजनस कस्टसर्स के लिए इस प्राइम डे पर कुछ आकर्षक डील्स की घोषणा करता है . पहली बार, प्राइम डे 72 घंटे का शॉपिंग सेलीब्रेशन होगा, जिसमें बिजनेस कस्टरमर्स लैपटॉप, टैबलेट, हेडफ़ोन, एसी, कूलर, पंखे, ऑफिस फ़र्नीचर, किचन एप्लासयसेंस एवं इंडस्ट्री यल सप्लाई जैसे विभिन्न उत्पादों आकर्षक डील्स का फायदा उठा सकते हैं . ग्राहक विभिन्न श्रेणियों में बल्क, खरीदारी करने पर 20% तक की अतिरिक्त छूट का भी लाभ उठा सकते हैं और अपने प्रीपेड ऑर्डर पर एलिजेबल श्रेणियों में 9,999 रुपये तक का कैश बैक प्राप्त कर सकते हैं .इस प्राइम डे पर इन शानदार डील्स का लाभ उठाने के लिए अमेज़न बिज़नेस पर जाना ना भूलें .

### प्राइम डे पर बेहतरी लांच और डील्स

**इंदौर .** उलटी गिनती आधिकारिक रूप से शुरू हो चुकी है ! अमेजन इंडिया अपने साल के सबसे बहुप्रतीक्षित शॉपिंग फेस्टिवल, प्राइम डे 2025 के लिए पूरी तरह तैयार हैं, खासतौर पर प्राइम मेंबर्स के लिए . 12 जुलाई को रात 12-बजे से लेकर 14 जुलाई को रात 11 .59 बजे तक ग्राहक 72 घंटे तक स्मार्टफोन्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और ब्यूटी होम और किचन, ग्रॉसरी सहित कई श्रेणियों में सबसे बेहतरीन डील्स, शानदार लॉन्च और अब तक की सबसे तेज़ डिलीवरी स्पीड का आनंद उठा सकेंगे . प्राइम डे 2025 धमाकेदार डील्स और नए प्रोडक्ट लॉन्च . प्राइम डे के दौरान भाग लेने वाले विक्रेताओं और ब्रांड्स से ग्राहक यहां विभिन्न कैटेगरीज में बेहतरीन डील्स का लाभ उठा सकते हैं .

### नाना महाराज संस्थान मनाएगा दत्त जयंती का हीरक महोत्सव




**इंदौर .** नाना महाराज संस्थान के प्रमुख बाबा साहेब तराणेकर ने अपने उद्बोधन में बताया कि से 122 वर्ष पूर्व नाना महाराज तराणेकर ने मप्र के तराना गाँव मे गुरु पूर्णिमा एवं दत्त जयंती का आयोजन शुरू किया था . सन 1950 में श्री नाना महाराज इन्दौर में अपने पुत्र के यहाँ बस गए . सन 1950 में ही पहली बार इन्दौर में दत्त जयंती का आयोजन नाना महाराज के हस्ते इंदौर में शुरू हुआ . विविध दत्त याग का अध्यन करने से ज्ञात हुआ कि स्वामी महाराज ने अपने शिष्यों से सत्य दत्त पूजा करवाई वैसे ही हम जैसे गणेश पूजा, देवी की पूजा आदि करते है वैसे ही सत्य दत्त पूजा भी होम पद्धति से कर सकते हैं . गुरुचरित्र हमारे आराध्य है और महिलाए भी सप्तशती गुरुचरित्र पढ़ सकती है | गुरुचरित्र का संक्षिप्त गुरुचरित्र सार महिलाएं भी पढ़ सकती है . आपने बताया कि इस वर्ष 23 से 26 अक्टूबर 2025 की दत्त जयंती की हीरक महोत्सव के रुप में मनाया जाएगा, और यह सम्पूर्ण आयोजन महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित रहेगा . इस आयोजन में गुरुचरित्र सार के 7500 परायण किये जायेंगे | श्री नाना महाराज संस्थान इन्दौर में गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ . हजारों की संख्या में स्थानीय एवं देश के विभिन्न राज्यो से पधारे भक्तगणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया . पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलु शुक्ला ने भी गुरु महाराज के आशीर्वाद लिए . 29 जुलाई नागपंचमी तिथि के दिन भी श्री नाना महाराज तराणेकर जी का जन्म जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा .

### साबु ट्रेड, सेलम के उत्पादों को मिली सराहना

**इंदौर .** भारतीय उपभोक्ताओं में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के बीच, साबु ट्रेड, सेलम के शुद्ध और ग्लूटेन मुक्त फरियाली उत्पादों को बाजार में जबरदस्त सराहना मिल रही है . कंपनी के निदेशक विकास साबु ने बताया कि भारतीय परंपरा में साबूदाना का उपयोग लंबे समय से व्रत, उपवास, पाचन को संतुलित रखने और बच्चों के भोजन में किया जाता रहा है . तमिलनाडु स्थित प्रमुख साबूदाना उत्पादक मंडी, सेलम में साबु ट्रेड ने वर्ष 1984 में सच्चामोती नाम से उच्च गुणवत्ता वाला साबूदाना छोटे उपभोक्ता पैक में बेचना शुरू किया . साबु ट्रेड ने वर्ष 2016 में सच्चासाबु एगमार्क साबूदान नामक नया ब्रांड लॉन्च किया, जो ग्राहकों को और भी बेहतर गुणवत्ता देने के उद्देश्य से तैयार किया गया था . इसके अलावा, कंपनी ने ग्लूटेनमुक्त फलाहारी उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला में साबूदाना-पापड़, सच्चासाबु फरियाली आटा और अल्पाहार ब्रांड में शुद्ध हल्दी पाउडर, नारियल बूर्रा, मखाना तथा कुकरी जॉकी ब्रांड में विभिन्न प्रकार के पोषक मिलेट्स ( श्रीधान्य ) जैसे उत्पाद भी छोटी उपभोक्ता पैकिंग में उच्च गुणवत्ता और शुद्धता के साथ बाजार में उपलब्ध कराये हैं . श्री साबु ने बताया कि आज जागरूक ग्राहक शुद्धता और गुणवत्ता को सबसे ऊपर मानते हैं और साबु ट्रेड के उत्पाद उन्हें वही भरोसा दिलाते हैं .

### इंजीनियर से लेकर घर से भागे हुए कलाकारों तक

**इंदौर .** सोफ़ा सितारों से भरा हुआ है, कहानियाँ मज़ेदार और हैरान करने वाली हैं और हँसी तो रुकने का नाम ही नहीं लेगी . इस शनिवार, द ग्रेट इंडियन कपिल शो लेकर आ रहा है एक धमाकेदार एपिसोड, जिसमें नजर आएंगे ओटीटी के चार शानदार कलाकार - जयदीप अहलावत, विजय वर्मा, जितेन्द्र कुमार और प्रतीक गांधी . ये चारों सिर्फ बेहतरीन कलाकार ही नहीं हैं, बल्कि इनके पास ऐसी ज़बरदस्त ज़िंदगी की कहानियाँ भी हैं जो किसी फिल्म से कम नहींज बल्कि उससे भी ज़्यादा दिलचस्प हैं . हम हमेशा से ही एक्टर्स के 'संघर्ष' की कहानियाँ सुनते आए हैं और यह देखकर प्रेरित होते हैं कि एक सच्चा कलाकार अपने सपनों को पाने के लिए, एक रोल के लिए, एक मौका पाने के लिए, और कुछ बड़ा करने के लिए किस हद तक जा सकता है . लेकिन द ग्रेट इंडियन कपिल शो के इस एपिसोड में जब भारत के कुछ बड़े ओटीटी स्टार्स ने अपनी पहली सफलता, उससे पहले की ज़िंदगी और अभिनय के लिए अपने सपनों को पूरा करने के जुनून के बारे में बताया तो वही बात हमें सबसे ज़्यादा प्रेरणा देने वाली लगी .
















